तापमान
अधिकतम 21.9 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 5 मार्च 2024



12 1.68 करोड़ से बदलेगी तीन वार्डों की तस्वीर





12 विशेष गिरदावरी करवा कर फसलों के नुकसान ...




## खबर संक्षेप

### समालखा पुलिस ने हत्या के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने करहंस गांव के पास स्थित ढ़ाबे पर नवीन की पीट पीटकर हत्या करने मामले में और दो आरोपियों मनीष व अजय निवासी गांव करहंस को गिरफ्तार किया है। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है।

### चोरी की पांच आरोपी महिलाएं गिरफ्तार

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस की टीम ने नगर पालिका समालखा के कार्यालय में स्टोर से सामान चोरी करने वाली पांच आरोपी महिलाओं सलमा पत्नी बिट्टू, किरण पत्नी सागर, जिना पत्नी सलीम, अनु पत्नी सन्नी निवासी झुग्गी इंद्रा कॉलोनी पुराना, औद्योगिक क्षेत्र पानीपत व काजल पत्नी महेंद्र निवासी इंद्रा कॉलोनी हाल नंहोसा, अंबाला को गिरफ्तार किया है।

### मुस्लिम महिलाओं को जागरूक किया

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गौस अली वार्ड नंबर 21 में मुस्लिम महिलाओं के बीच परिवार परामर्श केंद्र द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह केंद्र माता सीता रानी सेवा संस्था द्वारा हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के सौजन्य से संचालित किया जा रहा है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**यमुनानगर।** गांव इस्माइलपुर के पास बाइक की टक्कर लगने से घायल हुए सलिंद्र की देर शाम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस्माइलपुर निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सलिंद्र 16 फरवरी को किसी काम से बाहर गया था। रात नौ बजे जब वह घर लौट रहा था तो गांव के पास तेज गति से बाइक लेकर आ रहे कर्मवीर ने उसके भाई को टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

# अंबाला जिले के 768 स्कूलों में 52947 नौनिहालों को मिल रहा मिड डे मील

## अब तक 1916 लाख खर्च किए गए, अब नागरिक समाज के सदस्य भी करेंगे निरीक्षण

- राज्यसभा सांसद के सुझाव पर चार सदस्यीय कमेटी का गठन
- स्कूल के मिड डे मील का 10 मदों का निरीक्षण किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों को परोसे जा रहे मिड डे मील का निरीक्षण अब नागरिक समाज के सदस्य भी कर सकेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सोमवार को मिड डे मील निरीक्षण कमेटी के सदस्यों के साथ मीटिंग की। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मिक्षा रंगा तथा नागरिक समाज के मनोनीत सदस्य सिद्धार्थ गुलाटी और कमलदीप उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 29 जनवरी को राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में मिड डे मील स्कीम के ऊपर हुई चर्चा के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा जानकारी दी गई थी कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दिसंबर माह तक जिले में कुल 768 स्कूलों में 52947 बच्चों को मिड डे मील दिया जा रहा है। अब तक लगभग 1916 लाख रुपये खर्च किए गए हैं । इसके साथ यह भी बताया गया कि बच्चों को बेहतर गुणवत्ता का मिड डे मील देने के उद्देश्य से न केवल मिड डे मील कुक की नियुक्ति विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं के बीच से की जाती है बल्कि मिड डे मील का समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाता है।



मीटिंग में मौजूद नागरिक समाज के सदस्य व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### चार सदस्यीय कमेटी गठन का दिया था सुझाव

राज्यसभा सांसद द्वारा मिड डे मील की गुणवत्ता का ओर अधिक व्यापक निरीक्षण किए जाने के उद्देश्य से चार सदस्यीय कमेटी का गठन किए जाने का सुझाव दिया गया था। उनके सुझाव पर ही उस कमेटी में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पदेन सदस्यों के साथ-साथ नागरिक समाज से भी दो सदस्यों सिद्धार्थ गुलाटी और कमलदीप को मनोनीत किया गया है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में हुई कमेटी सदस्यों की बैठक में निर्णय लिया गया कि स्कूल के मिड डे मील का 10 मदों का निरीक्षण किया जाएगा। इसमें बच्चों को दिए जाने वाली मिड डे मील की मात्रा, गुणवत्ता के साथ उसे चख कर देखना। मिड डे मील की अवलोकन रिपोर्ट का फ्रूड टेस्टिंग रजिस्टर में इंद्राज करना। स्कूल के किचन गार्डन में उगाई गई सब्जियों का प्रयोग।मिड डे मील राशन का रख रखाव।किचन व बर्तनों की साफ़ सफाई। मिड डे मील कुक की व्यक्तिगत स्वच्छता।मिड डे मील बारे बच्चों से वार्तालाप व स्कूल विजिटर रजिस्टर में निरिक्षणकर्ता द्वारा फीडबैक का इंद्राज भी शामिल है।

# ट्रेन में किन्नू खा रहे युवक को टीटीई ने जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



पीड़ित युवक संजय कुमार

- जीआरपी ने दोनों टीटीई के खिलाफ केस दर्ज किया

जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन में पंजाब से उत्तर प्रदेश जा रहे युवक के साथ दो टीटीई ने मारपीट की। युवक का आरोप है कि चेकिंग के दौरान इस वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी अंबाला कैंट स्टेशन आने के बाद ट्रेन से उतरकर चले गए। युवक ने उन्हें पकड़ने का प्रयास भी किया। जीआरपी ने अब दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के बिरैची गांव के संजय कुमार ने बताया कि वह पंजाब के मोरिंडा (रूपनगर) में रह रहा है। यहां वह टाइल लगाने का काम करता है। रविवार को वह मोरिंडा रेलवे स्टेशन से टिकट लेकर अपने परिवार के साथ सरहिंद तक पैसेंजर ट्रेन में पहुंचा। सरहिंद रेलवे स्टेशन से जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन में गोरखपुर के लिए चढ़ा। ट्रेन अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी। जिस कोच में वह अपने परिवार के साथ सफर कर रहा था, उसमें राजपुरा के आगे निकलने के बाद रेलवे के टीटीई टिकट चेक करते हुए आए। युवक के मुताबिक टीटीई ने उसकी पत्नी से टिकट मांगा। उसकी पत्नी सीमा ने उसे टिकट दिया। उसने टीटीई को टिकट दिखा दिया। वह दूसरे हाथ से किन्नू खा रहा था। किन्नू का कुछ भाग उसके मुंह में था। टीटीई ने पूछा कितने आदमी हो? उसने इशारे में 4 आदमी बताए। मुंह में किन्नू होने के चलते वह बोल नहीं सका। तभी टीटीई ने उस पर हमला कर दिया। उसका आरोप है कि उसके 2 बच्चों के सामने उसके साथ मारपीट की। जीआरपी थाने के जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि संजय कुमार ने ट्रेन में दो टीटीई द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दी है। उसके आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- कर्मचारी विरोधी निर्णय के खिलाफ तीन दिन जिला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा

ऑनलाइन हाजिरी के नाम पर गुलामी का फरमान जारी करने के हरियाणा सरकार के निर्णय के खिलाफ ग्रामीण सफाईकर्मियों, ग्रामीण चौकीदारों व ट्यूबवेल ऑपरेटर्स ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को प्रमुख रूप से सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकेनिल वर्कर्स यूनियन के चेयरमैन कृष्ण शर्मा, हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा राज्य महासचिव कलीराम, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य नेता दलजीत ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन कालरा, रंग लाल संधू, दलजीत सिंह ने की। संगठन नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने एक पत्र जारी कर इस हिस्से को प्राइवेट बैंक द्वारा तय किए गए एप पर दिन में दो बार हाजिरी लगाने बारे हिदायत जारी की है। इस हाजिरी को पंचायत सचिव और सरपंच वेरिफाई करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरपंच एसोसिएशन की मांग पर मुख्यमंत्री ने मोबाइल ऐप में ऑनलाइन हाजरी लगाकर मानदेय भुगतान का बिल बनाने का अधिकार सरपंच को देने का निर्णय घोर कर्मचारी विरोधी है। तीनों संगठनों ने फैसला लिया कि सरकार के इस कर्मचारी विरोधी निर्णय के खिलाफ अगले तीन दिन जिला मुख्यालय पर धरना लगेगा। यदि तब तक भी उक्त निर्णय वापस नहीं लिया गया तो बड़े आंदोलन का आगाज किया जाएगा। सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान सुशील गुज्जर, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, सीटू जिला सचिव जगपाल राणा, खेत मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान जगमाल सिंह, ग्रामीण चौकीदार सभा के नेता परवारा राम आदि ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन के बाद जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भेजा गया।




ऑनलाइन हाजिरी के निर्णय के खिलाफ ग्रामीण सफाईकर्मी, ग्रामीण चौकीदार व ट्यूबवेल ऑपरेटर्स प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# तीन भाइयों ने की रिश्तेदार की हत्या

## वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

- इसराना पुलिस ने संदीप, दीपक व दलेल पर हत्या के आरोप में केस दर्ज किया

पानीपत के गांव इसराना में तीन सगे भाइयों ने अपने ही रिश्तेदार की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी तीन सगे भाई मौके से फरार हो गए। वहीं, गोली लगने से घायल युवक को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने पिता की शिकायत के आधार पर पड़ोसी आरोपी तीनों सगे भाइयों पर हत्या समेत आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर लिया है। इधर, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में किसान ओमप्रकाश ने बताया कि तीन मार्च की रात करीब 8 बजे संदीप उर्फ मीनू, दीपक व दलेल उर्फ प्रदीप उर्फ काला (तीनों सगे भाई) निवासी इसराना उसके घर पर आए। तीनों उससे गाली-गलौज करने लगे। तीनों ने कहा कि अपने बेटे जितेंद्र को बाहर निकालो। उन्होंने आरोप लगाया कि संदीप के हाथ में रिवॉल्वर थी। ओमप्रकाश ने उन्हें कहा कि जितेंद्र बाहर गया हुआ है, मुझे बताओ क्या बात है। इसके बाद तीनों भाई पड़ोसी बलवान की बैठक की तरफ चल पड़े। जिनके पीछे-पीछे ओमप्रकाश अपनी पुत्रवधू प्रमिला व पत्नी मूर्ति के साथ गया। बलवान की बैठक में जितेंद्र बैठा हुक्का पी रहा था। जितेंद्र के पास भतीजा तेजबीर भी बैठा हुआ था।



### ये है आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि तीनों भाई बैठक में पहुंचे और वहां पहुंचते ही जितेंद्र के साथ धक्का-मुक्की की। इसके बाद उसे पकड़ लिया और संदीप को कहा कि इसको सीधी गोली मार। ललकारा सुनते ही संदीप ने जितेंद्र की छाती में गोली मार दी। जिसके बाद तीनों आरोपी वहां से फरार हो गए। इधर, ओमप्रकाश की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने संदीप, दीपक व दलेल पर हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सफाई कर्मियों का वेतन सरपंचों के माध्यम से जारी करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राज्य कमेटी मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजि नं 41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर अनिल कुमार जिला प्रधान की अध्यक्षता में उपायुक्त कुरुक्षेत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मंच संचालन अशोक कुमार जिला सचिव ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी सदस्य एवं जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ओमप्रकाश नने कहा कि यदि सरकार समय रहते इस ऐप को बंद कर सीडीपीओ कार्यालय के माध्यम से वेतन देना सुनिश्चित नहीं करती है तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सहयोग से बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। जिस की सारी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। प्रदर्शन को सुरेंद्र यादव, बलदेव राज, आंनद सिंह, महेंद्र पाल, बलवान सिंह, अमरीक सिंह, जगन्नाथ, विशाल सैन, बिट्टू रंगा आदि ने भी संबोधित किया।



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### गिफ्ट सेंटर से लाखों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव रसूलपुर स्थित ओम गिफ्ट ट्रेडर्स शॉप का ताला तोड़कर चोरों ने करीब सवा लाख रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। गांव लाहडपर निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव रसुलपुर अड्डे पर ओम गिफ्ट ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। दो मार्च को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर आया तो शटर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से नौ पीतल की परातें, 80 पीतल के गिलास, 60 पीतल की कटोरी व अन्य सामान गायब था। जिसकी कीमत करीब सवा लाख रुपये है।

# कुवि की ईसी की बैठक में वार्षिक बजट पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

- वार्षिक रिपोर्ट पर भी लगी मुहर
- राज्य सरकार की वित्त कमेटी व वार्षिक आडिट रिपोर्ट को भी कार्यकारिणी परिषद में रखा गया

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 639.79 करोड़ का बजट पारित किया गया। राज्य सरकार की वित्त कमेटी व वार्षिक आडिट रिपोर्ट को भी कार्यकारिणी परिषद में रखा गया जिस पर कार्यकारिणी के सदस्यों ने चर्चा कर अनुमति प्रदान की।

बैठक में कुवि के वित्त अधिकारी डॉ. अंकेश्वर प्रकाश द्वारा बजट की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट-2023 को भी पारित किया गया जिसकी विस्तृत रिपोर्ट लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी ने प्रस्तुत की।

बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नैक द्वारा सीजीपीए 3.56 के साथ ए-प्लस-प्लस ग्रेड मिलने पर सभी सदस्यों ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को बधाई दी।

### बैठक के मिनट्स को भी स्वीकृति प्रदान की गई

बैठक में कार्यकारिणी परिषद के नए सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यकारिणी परिषद में परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह द्वारा परीक्षा सुधार सम्बंधी विषय पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। बैठक के दौरान दिसंबर 2023 को आयोजित हुई ईसी की बैठक के मिनट्स को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जियोलॉजी विभाग के प्रो. एआर चौधरी को छात्र कल्याण अधिष्ठाता के पद पर, बायो-केमिस्ट्री विभाग के प्रो. जसबीर सिंह को चीफ वार्डन पुरुष छात्रावास व आईआईएचएस इतिहास विभाग की प्रो. कुसुमलता को चीफ वार्डन महिला छात्रावास की नियुक्ति की अनुशंसा की गई। कार्यकारिणी परिषद ने यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डॉ. भंवर सिंह व डॉ. विवेक कुमार, सोशल वर्क विभाग के डॉ. सतीश कुमार, पंजाबी विभाग की डॉ. लता खेड़ा, डॉ. गुरप्रीत सिंह व डॉ. देवेन्द्र कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. नवीन बिसला व डॉ. राजेश, विधि विभाग की डॉ. प्रियंका चौधरी को सहायक प्रोफेसर पद पर कंफर्मेशन की मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में सहायक कुलसचिव डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा व संदीप को उप-कुलसचिव के पद पर पदोन्नत करने की मंजूरी प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक के कमेटी रूम में आयोजित इस बैठक में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा सहित कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

## कार्रवाई

### एमएलए की शिकायत पर डीसी ने ठेकेदार पर किया 1 लाख का जुर्माना

विधायक प्रमोद विज ने किया स्टिंग ऑपरेशन

# जिला सचिवालय की पार्किंग में ठेकेदार को वाहन चालकों से दुगनी रकम लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- शहरवासियों की शिकायत पर विधायक ने लिया संज्ञान

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पेड पार्किंग का स्टिंग ऑपरेशन किया। स्मरणीय है कि पिछले काफी समय से शहरवासी शिकायतें कर रहे थे कि एलिवेटेड हाईवे के नीचे बनी पार्किंग और जिला सचिवालय की पार्किंग में वाहनों को खड़ा करने के डबल रुपए वसूल किए जा रहे है और नहीं देने पर पार्किंग का ठेकेदार व उसके कारिंदे अभ्रद व्यवहार करते है। इन्हीं शिकायतों के चलते सोमवार को विधायक प्रमोद विज ने असलियत जानने के लिए एक प्लान तैयार किया। जिसके तहत पहले उन्होंने अपने पीए अश्विनी को बाइक पर भेजकर चेक करवाया। इसके बाद वे खुद भेष बदल कर पार्किंग में पहुंचे। जहां उनसे भी 10 रुपए की जगह 20 रुपए लिए।



**पानीपत।** जिला सचिवालय की पार्किंग की जांच करने पहुंचे विधायक प्रमोद विज हेलमेट पहने हुए। फोटो : हरिभूमि

### विधायक खुद बाइक पर हेलमेट लगाकर पहुंचे

वहीं विधायक प्रमोद विज ने इस मामले की जानकारी उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया से करते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की। इधर, मीडिया से बातचीत में विधायक प्रमोद विज ने कहा कि जब से पार्किंग को पेड किया गया है, तभी से ही रुपए ज्यादा वसूले जाने की शिकायतें मिल रही हैं। शहरवासी लगातार उनके कार्यालय में आकर पार्किंग की शिकायत कर रहे थे। इसी के चलते सोमवार को यह एक्शन किया गया है। पीए अश्विनी से भी 10 की बजाय 20 रुपये लिए। जब विधायक खुद बाइक पर हेलमेट लगाकर शॉल ओढ़कर मिनी सचिवालय की पार्किंग पहुंचे तो यहां उनसे भी 20 रुपए मांगे। उन्होंने विरोध किया, तो पार्किंग कर्मचारियों ने उनके साथ बदतमीजी की और कहा कि 20 रुपए ही देने पड़ेंगे। वहीं जबकि विधायक प्रमोद विज ने अपना परिचय ठेकेदार के कारिंदों को दिया तो उनके होश उड गए। वहीं विधायक विज के जिला सचिवालय की पार्किंग में आने की सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट पर्किंग में पहुंची और विधायक प्रमोद विज से मिली। वहीं उपायुक्त डॉ दहिया ने ठेकेदार को अपने कार्यालीय में तलब किया और जमकर डांट लगाई। उन्होंने ठेकेदार पर एक लाख रूपये का जुर्माना करते हुए चेतावनी दी कि यदि फिर जनता से वाहन पार्किंग का डबल चार्ज लिया गया तो ठेका रद्द किया जाएगा और पुलिस में केस दर्ज करवाया जाएगा। उन्होंने ठेकेदार से वाहन पार्किंग के चार्ज के बोर्ड लगाने के आदेश दिए।

# कंडक्टर से बोला ठग, कनाड़ा से रिश्तेदार बोल रहा हूं, सात लाख का लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- अब पुलिस ने ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू की, ठगी के लिए कंडक्टर को भेजी उसकी पत्नी के खाते में साढ़े 12 लाख जमा करने की रसीद

रोडवेज के कंडक्टर को शातिर ठगों ने अपने जाल में फंसाकर 7 लाख रुपए का चूना लगा दिया। मालवा गांव के रहने वाले कंडक्टर बलराज सिंह की शिकायत पर अब साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। बलराज सिंह ने बताया कि वह हरियाणा रोडवेज में कंडक्टर के पद पर नौकरी करता है। 30 दिसंबर को वह अपने घर पर था। सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बोला कि मैं तेरा रिश्तेदार बोल रहा हूं। रिश्तेदार बनकर ठग ने कहा कि वह कनाडा से बोल रहा है। तब मैंने उसे कहा उसका कनाडा में कोई रिश्तेदार नहीं है। ठग ने फिर कहा पहचानो। मैंने कहा गांव रायमाजरे से मेरा रिश्तेदार कनाडा में है। कॉल करने वाले ने कहा वह गांव रायमाजरे वाला रिश्तेदार ही बोल रहा है।

इसके बाद शातिर ठग ने उसे कहा कि उसने कुछ रुपए भारत भेजने हैं। वह बैंक खाता नंबर दे दे। बलराज ने ठग पर विश्वास करते हुए अपनी पत्नी का खाता नंबर भेज दिया। इसके बाद ठग ने करीब 12.55 लाख रुपए ट्रांसफर कराने की रसीद भेजी। शातिर ठग ने कॉल करके कहा कि यह रकम 24 घंटे तक आपके खाते में ट्रांसफर हो जाएगी। कुछ समय बाद उसके नंबर पर कॉल आई कि मेरा जो एजेंट है उसकी माता मुंबई में किसी अस्पताल में दाखिल है। उसे 4 लाख रुपए भेज दो। उसने विश्वास करते हुए 4 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद फिर 3 लाख रुपए की डिमांड की। बातों में उलझा 3 लाख रुपए भी ट्रांसफर करा लिए। उसे कई दिन बाद पता चला कि उसके साथ 7 लाख रुपए का फ्रॉड हो गया है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## खबर संक्षेप



### पानी की टंकियों की सफाई करवाएगी रोटरी क्लब वूमेन

**रादौर।** रोटरी क्लब वूमेन सेल रादौर के सदस्यों की कस्बा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वूमेन सेल प्रभारी पूजा माटिया ने की। क्लब की ओर से 8 मार्च को महिला अंतराष्ट्रीय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। सेल की प्रभारी पूजा माटिया ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल की ओर से मार्च महीना वाटर एंड सेनिटेशन को लेकर मनाया जा रहा है। जिसे लेकर क्लब की ओर से सरकारी स्कूलों में पानी की टंकियों को साफ करवाए जाने का निर्णय लिया गया।

### हरियाणा पैंशनर्स सोसायटी की हुई बैठक

**रादौर।** हरियाणा पैंशनर्स सोसायटी रादौर कार्यकारिणी की बैठक कस्बा की कांबोज धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी के प्रधान ओम प्रकाश बड़शामी ने की। सोसायटी प्रधान ओम प्रकाश बडशामी ने बताया कि पैंशनर्स की लंबे समय से मांगे लंबित पड़ी हैं। मगर सरकार द्वारा उनकी मांगे पूरी नहीं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा पैंशनर्स सोसायटी द्वारा कई बार सरकार को अपनी मांगो से अवगत करवाया जा चुका है। मगर इसके बावजूद उनकी मांगे जस की तस पड़ी हैं। जिससे सोसायटी के सदस्यों में रोष व्याप्त है।

### दो दिवसीय वार्षिक उत्सव आर्य मेले का हुआ समापन

# आर्य समाज ने दुनिया को दिया भाईचारे का संदेश : सहगल

**आर्य समाज के परिवारों के बच्चों ने गीता के श्लोक व भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रादौर में आयोजित आर्य मेले में भाग लेते स्थानीय लोग व बच्चों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।



आर्य समाज मंदिर रादौर में चल रहे दो दिवसीय वार्षिक उत्सव आर्य मेले का सोमवार को धूमधाम से समापन हो गया। मौके पर वैदिक हवन यज्ञ किया गया। वैदिक हवन यज्ञ में गर्वित बत्रा सदंपति यजमान के रूप में मौजूद रहे। प्रसिद्ध आर्य विदुषी कल्याणी आर्या ने पूरी वैदिक रीति से हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान किरणपाल आर्य व संरक्षक मान सिंह आर्य ने की। कार्यक्रम में शिक्षाविद मुकेश सहगल मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। उत्सव के अवसर पर आर्य समाज के परिवारों के बच्चों मानवी कांबोज, अंशुल आर्य, देवांश शर्मा व अगम सैनी ने गीता के श्लोक व भजन गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में इन बच्चों को मुख्यातिथि ने स्मृतिचिन्ह व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यतिथि मुकेश सहगल ने कहा कि आर्य समाज के संस्कारों को अपनाकर देश उन्नति कर सकता है। आर्य समाज ने हमेशा दुनिया को भाईचारे का संदेश दिया है। आज की युवा पीढ़ी को आर्य समाज के संस्कारों से जुड़ना चाहिए। संस्कारों से जुड़कर ही आज के युवा भारतीय संस्कृति को उसकी पुरानी पहचान दिलवा सकते है। हमें आर्य समाज की नीतियों व सिद्धांतों को घर घर पहुंचाना होगा। तभी हम एक बेहतर समाज की रचना कर सकते हैं। देश की आजादी के लिए संघर्ष करने वालों में एक बहुत बड़ा तबका आर्य समाज से था। जो आर्य समाज की विचारधारा से जुड़कर देश की आजादी के संघर्ष में कूद पड़ा था। आज जरूरत इस बात की है कि हम आर्य समाज से जुड़कर अपनी प्राचीन सभ्यता को पहचाने और देश को उन्नति की ओर ले जाएं। कार्यक्रम में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रसिद्ध भजनोपदेशक जयपाल आर्य ने ईश्वर भक्ति व शहीदों के जीवन चरित्र पर भजन पेश किए। कार्यक्रम में शहर व क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान रमेशचंद आर्य, प्रचार मंत्री अमित कांबोज, नीरज गर्ग, राजीव आर्य सन्नी, मंत्री प्रदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष साहिल आर्य, उप प्रधान सुशील बत्रा, अरविंद आर्य, संस्कार प्रमुख निर्मल विश्वास, डॉ. बिमल गर्ग, महिला प्रमुख सरला आर्य, सुरभि गुप्ता व राजेश मंधार आदि मौजूद रहे।

# सीएम सात को जिले में करोड़ों की देंगे सौगात

## दो परियोजनाओं का होगा शिलान्यास

- वीडियो काफ्रेंस के माध्यम से मुख्यमंत्री जिले में 29 करोड़ 53 लाख रुपये की 18 परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन
- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सात मार्च को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिले की 29 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से 18 परियोजनाओं का उद्घघाटन करेंगे। इसके साथ ही दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने दी।

जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री साढ़ौरा में लिंक रोड़ मिल्क खास, सालेहपुर, साढ़ौरा टाऊन व ठसका जिसकी लागत करीब 3 करोड़ 74 लाख 99 हजार रुपये, बिलासपुर के गांव भगवानपुर में बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र जिसकी लागत 1 करोड़ 41 लाख 70 हजार रूपये, जगाधरी के झींझरो गांव में तालाब का निर्माण जिसकी लागत 81 लाख 30 हजार रुपये, रादौर के गांव बकाना मे तालाब जिसकी लागत 95 लाख 68 हजार रुपये, साढौरा के नौसेरा गांव में तालाब जिसकी लागत 39 लाख 72 हजार रुपये का उद्धाटन करेंगे।

इसके साथ ही सरस्वती नगर के गांव कलावड़ में तालाब जिसकी लागत 46 लाख 89 हजार रुपये, जगाधरी के गांव भोजपुर में तालाब जिसकी लागत 37 लाख 92 हजार रुपये, बाकरवाला प्रतापनगर में तालाब जिसकी लागत 97 लाख 42 हजार रुपये, गांव भंगैरी में तालाब जिसकी लागत 34 लाख 39 हजार रुपये, ब्लॉक छछरौली के मंदखेड़ी गांव में तालाब जिसकी लागत 37 लाख 9 हजार रुपये, बिलासपुर के गांव मिल्कड़ा में तालाब जिसकी लागत 55 लाख 67 हजार रुपये, गांव मंधार में तालाब जिसकी लागत 73 लाख 28 हजार रुपये, साढौरा के महमूदपुर के ब्लॉक नंबर एक के गांव में तालाब जिसकी लागत 48 लाख 42 हजार रुपये, साढौरा के महमूदपुर के ब्लॉक नंबर दो के गांव में तालाब जिसकी लागत 27 लाख 9 हजार रुपये, सरस्वतीनगर के हूदिया में शमशान घाट का निर्माण जिसकी लागत 1 करोड़ 6 लाख 94 हजार रुपये, सरस्वती नगर के झंडेरा ब्लॉक में ट्यूबवैल का निर्माण जिसकी लागत 51 लाख 58 हजार रुपये, ज्योतिबा फूले राजकीय कॉलेज जिसकी लागत 12 करोड़ रुपये, जगाधरी की नई अनाज मंडी में रोड़ जिसकी लागत 4 करोड़ 42 लाख 83 हजार रुपये के निर्माण कार्य का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कालाआम, साढौरा से शाहबाद रोड पर 4 किमी रोड़ जिसकी लागत 7 करोड़ 3 लाख 10 हजार रुपये व राजकीय कॉलेज प्रतापनगर का शिलान्यास करेंगे।

### मारपीट के तीन मामलों में दो दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** जिले में अलग-अलग तीन स्थानों पर हुई मारपीट के मामलें में पुलिस ने दो दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। मामले में अभी आरोपी फरार हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव भंभौल निवासी आरती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसकी तथा उसके पति साहिल की गांव के ही पिंकी व उसके पति सुरजीत के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय मामला शांत हो गया था। इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। तीन मार्च को शाम छह बजे पिंकी व सुरजीत ने अपने साथियों हैप्पी, सचिन, किरण, अभिषेक, बंटी, चमन, राकेश, जीतो, सिंदर, गंगा, दर्शन, कल्लू, जरनैलो, मोना, राधा, चितो, सुखबीर, करनैल, दर्शन व रोहित के साथ मिलकर उन दोनों पर हमला कर दिया। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव राडे.का माजरा निवासी पूर्णचंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रंजिश के चलते गांव के ही मित्रसेन, कर्णसिंह, सुनीता, अंकुश, रेखा, कर्मजीत, मोनु, सुरेश व रविंद्र कुमार ने उन पर हमला कर दिया।

- मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल

# शिरोमणि शहीद उधम सिंह कांबोज का 13 को मनाया जाएगा शौर्य दिवस

- हरियाणा कांबोज सभा द्वारा रादौर की कांबोज धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** जानकारी देते हुए कांबोज सभा का जिला सचिव वेद कांबोज।

हरियाणा कांबोज सभा द्वारा 13 मार्च को रादौर की कांबोज धर्मशाला में शिरोमणि शहीद उधम सिंह कांबोज का शौर्य दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगे। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में थानेसर के विधायक सुभाष सुधा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज करेंगे। सभा के जिला सचिव वेद कांबोज ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरे जोरों से की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि 13 मार्च के दिन ही शहीद उधम सिंह कांबोज ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के दोषी जरनल डायर को गोली मारकर मौत के घाट उतारा था। 1919 में बैशाखी वाले दिन जब जरनल डायर ने मासूम लोगों के ऊपर गोलियां चलाई थी तो तभी उधम सिंह ने प्रतिज्ञा ली थी कि वह एक दिन जरनल डायर को मौत के घाट उतार कर इसका बदला लेगा। इसके लिए उन्होंने लंबा इंतजार भी किया और अपनी प्रतिज्ञा को पूरा किया। उन्होंने सभी से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शहीद उधम सिंह कांबोज को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने की अपील की।

# नाटक के माध्यम से लोगों को बताया मतदान का महत्व

- नेहरु युवा केंद्र यमुनानगर के स्वयंसेवकों द्वारा शहर के कई स्थानों पर आयोजित किए नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व को समझाते हुए नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवक। *फोटो : हरिभूमि*

नेहरू युवा केंद्र यमुनानगर के स्वयं सेवकों द्वारा शहर के कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर लोगों को मतदान के महत्व को बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र की जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने किया।

इस दौरान शहर के गुलाब बाग, रेलवे स्टेशन के नजदीक व मधु कॉलोनी आदि समेत विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटको का आयोजन किया। नाटक टीम का नेतृत्व थियेटर कलाकार रमेश सपरा द्वारा किया गया। केंद्र की जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने बताया कि नुक्कड़ नाटकों के आयोजन का मुख्य उदेश्य लोगों को चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरुक करना रहा। इस दौरान नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के महत्व को भी समझाया गया।

### नाटक से संदेश लोगों के मन में स्थायी रूप से बैठ जाता

इन नाटकों का मुख्य उद्देश्य नगर के लोगों को मतदान के महत्व को समझाना है। इन नाटकों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक संदेशों को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। जिससे उन्हें मतदान का महत्व समझने में सहायक हो सके। स्वामी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक लोगों के साथ सामाजिक संवाद का माध्यम होता है। यह लाइव एवं इंटरेक्टिव होता है। जिससे संदेश लोगों के मन में स्थायी रूप से बैठ जाता है। जिसके साथ नुक्कड़ नाटक साधारण भाषा और सरल रूप में विचारों को समझाने में मदद करता है। यह जनमानस को समझने में आसानी प्रदान करता है। जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने बताया कि मतदान लोकतंत्र के आधार का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। नागरिकों के द्वारा अपने प्रतिनिधियों का चयन करके वह सरकारी निर्णयों में भाग लेते हैं। इसके साथ ही हर मत एक आवाज़ को प्रतिनिधित्व करता है। यही नहीं मतदान संगठित रूप में यह निर्णयों का परिणाम निर्धारित करता है। मतदान करने से व्यक्तियों को अपने विचारों के अनुरूप उम्मीदवारों का चयन करने की सुविधा होती है। उन्होंने बताया कि केंद्र की ओर से इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व को समझना और उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो समाज में जागरूकता बढ़ाने और लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक होगा।

# विद्यार्थी पर्सनेलिटी डेवलपमेंट स्किल्स बेहतर करने के लिए बॉडी लैंग्वेज पर दें ध्यान

- ग्लोबल शिक्षण संस्थान में चल रहा पांच दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** ग्लोबल शिक्षण संस्थान नाचरौन में आयोजित पांच दिवसीय प्रोग्राम के समापन पर विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स की जानकारी देते हुए वक्ता।

ग्लोबल रिसर्च ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन नाचरौन (रादौर) में फॉर्मेसी,इंजीनियरिंग एवं मैनेजमेंट के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही पांच दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का समापन हो गया। प्रोग्राम के समापन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विकास कौशिक ने की। वहीं, मुख्य सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षक सागर कथूरिया व कॉरपोरेट प्रशिक्षक एवं कंसलटेंट हिमांशु सरदाना रहे। प्रोग्राम में मुख्य सॉफ्ट स्किल ट्रेनर सागर कथूरिया ने विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल्स के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को इंटरव्यू स्किल्स के विषय में बहुत गहनता से समझाया। कथूरिया ने विद्यार्थियों को बताया कि वह अपनी बॉडी लैंग्वेज को बेहतर करके पर्सनेलिटी डेवलपमेंट स्किल्स को ओर बेहतर कैसे कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बॉडी लैंग्वेज को सही करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को उदाहरण देते हुए समझाया कि लोगों से बात करते वक्त आई कॉंटेक्ट बना कर रखें। अपने चलने बैठने उठने के तरीके को सही करें। परिस्थिति के अनुसार खुद को ढ़ाल लेना, चेहरे के हाव भाव आदि पर ध्यान रखें। सॉफ्ट स्किल्स से विद्यार्थियों के पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव पड़ता है। सॉफ्ट स्किल्स नॉन टेक्निकल स्किल होती है। जिसका इस्तेमाल रोजाना जीवन में होता है। सॉफ्ट स्किल्स के अंदर लोगों के साथ अच्छे से बातचीत करना, टाईम को सही से मैनेज करना, समस्या का समाधान करना, सही निर्णय लेना, भावनात्मक विचार व सही से टीम वर्क करना आदि स्किल्स सॉफ्ट स्किल्स के अंदर आती है।

### विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की

मौके पर संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. विकास कौशिक बताया कि ट्रेनिंग प्रोग्राम में विभिन्न प्रकार की डिबेट्स, डिस्कशन, टीम टास्क व मॉक इंटरव्यू आदि शामिल रहे। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा समय समय पर विद्यार्थियों के लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित कराता रहता है। ताकि उनके व्यक्तित्व का सवांर्गीण विकास संभव हो सके। मौके पर संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन करने के लिए स्टॉफ सदस्यों व आयोजकों की सराहना की और प्रोग्राम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कुश्ती में पहलवानों ने दिखाए जौहर

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कुश्ती दंगल का पहलवानों की हत्था जोड़ी करवाकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित कुश्ती दंगल में पहलवानों की हत्था जोड़ी करवाकर दंगल का शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री कंवरपाल। *फोटो : हरिभूमि*

हनुमान अखाड़ा कमेटी के तत्वावधान में जगाधरी की गऊशाला ग्राउंड विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। विराट कुश्ती दंगल में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के स्कूल शिक्षा, वन एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। उन्होंने पहलवानों की हत्था जोड़ी करवाकर कुश्ती दंगल का शुभारंभ किया। मौके पर शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने विराट कुश्ती दंगल के आयोजन में 2 लाख 51 हजार रूपये कमेटी को देने की घोषणा की। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भारतीय खेलों में महत्वपूर्ण खेल दंगल है। प्राचीन समय में शरीर को तरोताजा रखने तथा मनोरंजन के लिए सांझे खेल मेले व कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाता था। जहां प्रदेश की मनोहर सरकार खेलो और खिलाड़ियों के लिए काम कर रही है। मौके पर भाजपा जगाधरी के मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग, वरूण बत्रा, हवा सिंह, रमेश कश्यप, तिलकराज धीमान, हनुमान अखाड़ा कमेटी से पहलवान कुलदीप सिंह रॉकी, पहलवान किशोर कुमार, पहलवान गोपाल, पहलवान चुन्नी लाल, पहलवान मन्नी व पहलवान चन्द्रमोहन आदि मौजूद रहे।

# 7 से 9 तक मनाया जाएगा महाशिवरात्रि

- महापर्व में भाग लेंगे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** बुड़िया स्थित सिद्धपीठ पातालेश्वर मंदिर में विराजते भगवान शिव व मंदिर में स्थापित शिव लिंग।

श्री ज्योतिलिंर्ग सिद्ध पीठ पातालेश्वर महादेव मंदिर बुड़िया में 7 से 9 मार्च तक महाशिवरात्रि महापर्व बड़ी धूमधाम मनाया जाएगा। महापर्व के मौके पर आयोजित होने वाले समागम को लेकर मंदिर में तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। समागम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की उम्मीद है। मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान डॉ. जनार्दन शर्मा ने बताया कि हर वर्ष मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमें यमुनानगर व आसपास के जिलों के हजारों श्रद्धालु यहां स्थित शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में स्थित शिवलिंग हजारों वर्ष पूर्व खुद प्रगट हुआ था। मान्यता है कि जब बरसात नहीं होती थी तो यहां स्थित बावड़ी के जल से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता था। जिस पर वर्षा अवश्य होती थी। उन्होंने बताया कि यहां स्थित शिवलिंग पर जल चढ़ाने से निश्चित तौर पर श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा खेड़ा मंदिर बुड़िया से आरंभ होकर पातालेश्वर मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान जगह जगह पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। 8 मार्च को सुबह चार बजे से कलश पूजन एवं जलधारा आरंभ होगी। 9 मार्च को भजन कीर्तन का आयोजन होगा। जिसमें भजनीक विनोद राजन एंड पार्टी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे। बाद में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मौके पर संजय शर्मा, डॉ. सुधीर शर्मा,आशीष शर्मा,नरेंद्र गर्ग व अनिल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

**पेरेंट्स टीचर मीट** | जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में पेरेंट्स टीचर मीट का हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों को सर्वांगिण विकास के लिए पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में लेना चाहिए भाग : डॉ. गर्ग

- संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने अभिभावकों को बताई संस्थान की गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अभिभावक।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रबंधन एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के तत्वावधान में सोमवार को पेरेंट्स टीचर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अभिभावकों में विद्यार्थियों के विकास के प्रति सजगता को लेकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में अभिभावकों द्वारा संस्थान के विभागों में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विभिन्न आधारभूत एवं नवीन तकनीकों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कॉलेज स्तर पर इस प्रकार के आयोजनों में अपने सहयोग को आगे भी जारी रखने की बात कही। विभाग के प्राध्यापकों द्वारा सभी अभिभावकों से विद्यार्थियों की वास्तविक प्रगति पर विचार विमर्श किया गया। जिस पर अभिभावकों ने अपनी संतुष्टि जाहिर करते हुए विद्यार्थियों के विकास का श्रेय संस्थान की कार्यशैली एवं उच्च स्तरीय मानकों को दिया। अभिभावकों द्वारा संस्थान द्वारा नियमित कक्षाओं एवं अन्य प्रयासों की भी जमकर सराहना की।

### विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट पर विचार रखे

मौके पर संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि उन्होंने अभिभावकों से संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयत्नों पर चर्चा की। डॉ. गर्ग ने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने लायक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरने के लिए हर भरसक प्रयास कर रहा है। जिसे विद्यार्थियों के सहयोग की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का कक्षाओं में उपस्थिति के साथ साथ अन्य गतिविधियों जैसे एनएसएस, एनसीसी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी पूरी ऊर्जा के साथ सक्रिय होना अति आवश्यक है। इस अवसर पर प्रबंधन विभाग की अध्यक्षा अनुजा गोयल एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की इंचार्ज गगनप्रीत कौर ने भी विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. यूपी सिंह द्वारा तैयार की गई और इसे सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी प्राध्यापकों एवं अभिभावकों का धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप



### हमें सच्चे मन से परमात्मा को याद करना चाहिए

**थानेसर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर-8 कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र द्वारा जिमखाना क्लब में शिवरात्रि के उपलक्ष में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विश्व शांति धाम कुरुक्षेत्र की प्रभारी सरोज दीदी एवं बीके मधु बहन मुख्य वक्ता रही। शुरूआत में बी.के मधु बहन मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता को गुलदस्ता भेंट करके उनका स्वागत किया। कुमारी गुंजन ने नृत्य द्वारा स्वागत किया।

### हलके की जनता का मिल रहा भरपूर प्यार

**लाडवा।** गांव बकाली के श्री गुरू रविदास मंदिर में ग्रामीणों द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत की। ग्रामीणों द्वारा संदीप गर्ग का मंदिर में पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीण रोहित कुमार, पवन कुमार, अमन कुमार, मेहर सिंह, विनोद कुमार, रवि कुमार आदि ने कहा कि लाडवा हल्के को समाजसेवी संदीप गर्ग जैसा नेक दिल का इंसान मिलना गर्व की बात है, जो अपने निजी कोष से ही हल्के की जनता के लिए इतने कार्य कर रहा है, कई रसोईयां वलाई जा रही है, स्वास्थ्य को लेकर भी जागरूक कर रहे हैं।

### इस पर्व पर भगवान शिवलिंग की पूजा का होता है विशेष महत्व : बंसी पुरी

# धर्मनगरी में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सजने लगे शिवालय

**जिले के सभी मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं भगवान भोले के भक्त की आस्था देखते ही बन रही है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय के श्रृंगार का दृश्य। 4केयूके17



महंत बसीं पुरी, भूषण गौतम, धर्मवीर अत्री, नरेश चक्रपाणि।

आधुनिक भारत में आमतौर पर देखने में मालूम होता है कि दक्षिण में विष्णु की, पश्चिम में कृष्ण की, उत्तर-मध्य में राम की और पूर्व दिशा में भगवती दुर्गा की उपासना का विधान है। किंतु भगवान शिव की उपासना व शिवलिंग की पूजा सर्वव्यापी है। इसी कारण आज अधिकांश हिंदुओं के उपास्य देव भगवान शंकर ही है। भगवान शिव की ऐसी लोकप्रियता के अनेक कारण हो सकते हैं। आम आदमी इन्हें आशुतोष अर्थात थोड़े में ही प्रसन्न हो जाने वाले देवता के रूप में जानता है। अतः ऐसे देवता को कौन प्रसन्न नहीं करना चाहेगा। भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर के संस्थापक महंत बंसी पुरी ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की मूर्ति पूजा से कही ज्यादा अधिक महत्वपूर्ण और फलदायी शिवलिंग की पूजा को माना गया है। इस दिन को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह अथवा शिव और शक्ति के मिलन के रूप में भी श्रद्धापूर्वक मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन व्रत आदि रखकर भगवान शिव की प्रिय वस्तुओं से शिवलिंग का अभिषेक करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति के साथ-साथ व्यक्ति को ग्रह दोष से भी मुक्ति मिलती है।

### महाशिवरात्रि पर्व पर 7 गरीब कन्याओं का विवाह करवाया जाएगा: भूषण गौतम

*श्री संगमेश्वर धाम अरुणाय के प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि संगमेश्वर धाम अरुणाय में महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।महाशिवरात्रि पर्व पर 7 मार्च को 7 गरीब कन्याओं का विवाह करवाया जाएगा। जिसमे सभी व्यवस्थाएं मंदिर प्रबंधन की ओर से होगी । गौतम ने बताया का कहना है कि पुराणों के अनुसार महाशिवरात्रि का व्रत एवं पूजन दांपत्य जीवन में खुशियां ही प्रदान नहीं करता बल्कि व्यक्ति को सभी तरह के पापों से मुक्त कर देता है। अविवाहित युवक युवतियां भी अपने भावी सुयोग्य जीवन साथी की प्राप्ति के लिए महाशिवरात्रि का व्रत व पूजन करते हैं। उन्होंने बताया कि संतान प्राप्ति हेतु भी महाशिवरात्रि को भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना करनी चाहिए, क्योंकि शिवरात्रि कल्याण की रात्रि होती है। भगवान शिव की पूजा अर्चना उनकी प्रसन्नता व अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए की जाती है।*

### शिवभक्त दूसरों का सोचते हैं कल्याण

*श्री क्षेत्रपाल सेवा समिति के प्रधान धर्मवीर अत्री ने बताया कि समस्त भारत में शिव मंदिरों की संख्या सर्वाधिक है। जन्म से मृत्यु तक याद की जाने वाली पावन गंगा भी भगवान शंकर के प्रयत्नों से ही धरती पर अवतरित हुई। उन्होंने बताया कि धर्म नगरी के अनेक शिव मंदिरों में त्योहारों के साथ साथ रोजाना भी भक्तों की भारी भीड लगी रहना, शिव प्रेमियों की भगवान शंकर के प्रति श्रद्धा व आस्था का ही प्रतीक है। शिव स्वयं कल्याणकारी हैं। सच्चा शिव भक्त भी सदैव दूसरों का कल्याण सोचता है।*

### महाशिवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

तीर्थ पुरोहित नरेश चक्रपाणी का कहना है कि महापर्व महाशिवरात्रि को लेकर धर्मनगरी पिहोवा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के शिव भक्तों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। उनमें शिव के प्रति आस्था अपार है। भक्त शिव की भक्ति में लीन होने को तैयार हैं। शिवालयों को बड़े ही सुंदर ढंग से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शंकर जी को संहार का देवता कहा जाता है। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव को ही माना गया हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। आधुनिक भारत में आमतौर पर देखने में मालूम होता है कि दक्षिण में विष्णु की, पश्चिम में कृष्ण की, उत्तर-मध्य में राम की और पूर्व दिशा में भगवती दुर्गा की उपासना का विधान है।



### वालीबॉल में कालीकट को स्वर्ण व कुरुक्षेत्र मिला कांस्य पदक

**कुरुक्षेत्र।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में ऑल इंडिया इंटर एनआईटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का अंतिम दिन सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दलेल सिंह अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाडी व भूतपूर्व ओलंपियन एवम अर्जुन पुरस्कार विजेता रहे। एनआईटी कालीकट ने एनआईटी जमशेदपुर 2-1 से हरा कर अपने नाम गोल्ड मेडल किया और वही दूसरी ओर एनआईटी जमशेदपुर दूसरे एवम एनआईटी कुरुक्षेत्र एनआईटी सूरत तीसरे, चौथे स्थान पर रही वही लड़कियों के वर्ग में एनआईटी नागपुर ने एनआईटी भोपाल जीत हासिल करके गोल्ड मेडल अपने नाम किया वही एनआईटी भोपाल ,एनआईटी सुरथकल और एनआईटी कुरुक्षेत्र, दूसरे, तीसरा, चौथे स्थान पर रही। मुख्य अतिथि डॉ. दलेल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए विजताओ को मेडल व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। शारीरिक शिक्षा और खेल इंचार्ज डॉ. पीसी तिवारी ने उत्साह व्यक्त करते हुए बताया कि, यह ऑल इंडिया इंटर एनआईटी वॉलीबॉल टूनार्मेंट युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच रहा ।

# गांव टिकरी में कच्ची गलियों से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा के गांव टिकरी में गलियों के बद्तर हालात दिखाते व ग्रामीणों को कांग्रेस पार्टी में शामिल कराते कांग्रेस नेता संदीप ओंकार। *फोटो : हरिभूमि*

जनप्रतिनिधि के रूप में सरकार में राज्यमंत्री बनने पर गांव टिकरी में निवास बनाने पर लोगों ने गांव को शहर की तर्ज पर विकसित होने का सपना देखा था, लेकिन अभी तक यह सपना अधूरा है और गांव आगे बढ़ने की बजाय पिछड़कर रह गया है। कच्ची गलियों में बरसाती मौसम में हालात खराब होते हैं। वहीं गंदगी का भी आलम है। यह स्थिति है पिहोवा के गांव टिकरी की। स्थानीय निवासियों में गांव के पिछड़े रहने पर रोष व्याप्त है। ऐसे में ग्रामीणों ने स्वामी संदीप ओंकार में अपनी आस्था जताई और उन्हें अपना समर्थन देते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में साथ देने का एलान किया। गांव के सैकड़ों लोगों ने भाजपा को छोड़कर स्वामी संदीप ओंकार के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा। अपने जनसंपर्क के दौरान गांव टिकरी में कांग्रेस पार्टी की नीतियां और वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला का संदेश लेकर स्वामी संदीप ओंकार पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया कि गांव की करीब 15 गलियां हैं, जिनमें ढाई हजार से ज्यादा लोग रहते हैं। इतनी आबादी के गांव की ओर से सरकार व प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। यह स्थिति भी तब है, जब मंत्री भी गांव में रहते हैं। इसके बावजूद गांव का विकास नहीं हुआ। आज तक गलियां नहीं बन पाईं। सीवरेज और पानी निकासी का भी कोई इंतजाम नहीं है। सामान्य दिनों के अलावा बरसाती मौसम में स्थिति ज्यादा खराब होती है, क्योंकि गलियों में पानी जमा हो जाता है। इसके अलावा कई दिनों तक कीचड़ का आलम रहता है। स्वामी संदीप ओंकार ने आश्वासन दिया कि भविष्य में वे इस गांव का विकास प्राथमिकता के आधार पर कराएंगे। सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। कार्यक्रम में खुशवंत सिंह, पूर्व सरपंच अमर गिरी, पूर्व सरपंच मंगत राम, पूर्व सरपंच रुल्दा राम, पूर्व सरपंच सुभाष कश्यप, शराब सिंह, ईश्वर सिंह, सतपाल सिंह, बबलू, जसबीर सिंह, कप्तान सिंह, गुलाब सिंह, धर्मवीर फौजी, कृष्ण कश्यप, लाभसिंह कश्यप, माम राज रहे।

# नारी शक्ति वंदन के तहत निकाली मैराथन

- विधायक सुभाष सुधा ने मैराथन को हरी झंडी देकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



थानेसर के विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया गया। इस देश और प्रदेश की महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। इस सरकार ने महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया, जिसके कारण महिलाएं देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद में सहजता से पहुंच पाई है। आज महिलाएं खुद अपना भाग्य लिख रही है। इसके लिए देश की महिलाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सदैव आभारी रहेंगी। विधायक सुभाष सुधा द्रोणाचार्य स्टेडियम में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिला मोर्चा की तरफ से आयोजित मैराथन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रुप में अपना संबोधन दे रहे थे। विधायक सुभाष सुधा ने द्रोणाचार्य स्टेडियम से भाजपा के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा की महिला जिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष परमजीत कौर कश्यप व उपाध्यक्ष उमा सुधा के नेतृत्व में निकाली गई मैराथन को हरी झंडी देकर रवाना किया। यह मैराथन द्रोणाचार्य स्टेडियम से चलकर विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर गुजरी और सर्कट हाउस पर आकर संपन्न हुई। मैराथन में संयोजक व भाजपा नेत्री अनु माल्यान, रेणु खुंगर, सरोज, लक्ष्मी अरोड़ा, भाजपा के वरिष्ठ नेता व केडीबी के सदस्य डा. ऋषिपाल मथाना, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, अमित रोहिल्ला ने भी भाग लिया।

### छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यक्रम आज

**थानेसर।** केयू के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के विजन के अनुसार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए केयू क्लबों की गतिविधियों की रूपरेखा संबंधी ओरिएंटेशन कार्यक्रम केयू सीनेट हॉल में मंगलवार को प्रातः 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के विजन अनुसार एनईपी 2020 के अनुसरण करते हुए केयू परिसर के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए क्लब संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है।



### गांव अरनैचा में 68 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक पार्क : संदीप सिंह

पिहोवा। राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतिम छोर तक खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। जिनके बलबूते पर तीसरी बार फिर से भाजपा की सरकार बनेगी। राज्य मंत्री संदीप सिंह विभिन्न गांवों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ग्राम वासियों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने गांव अरनैचा में तालाब के कार्य के लिए 5 लाख अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना के तहत गांव में 68 लाख रुपए की लागत से पार्क बनाया जाएगा। अगले एक वर्ष के अंदर सरकार की योजना सभी बड़े गांवों में पार्क बनाने की है। ताकि लोगों को सैर और व्यायाम जैसे विकल्प देकर होने स्वास्थ्य कि दृष्टि से सुदृढ़ बनाया जा सके। गांव थाना में उन्होंने कबड्डी टूनार्मेंट जीतकर पहुंचे खिलाड़ियों को 2.50 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

### श्रीलंका के लोकसभा अध्यक्ष को सौंपी पवित्र ग्रंथ गीता की प्रति

# गीता में छिपा है जीवन का सार: स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता तमाम मानव जाति के लिए है, यह पवित्र ग्रंथ किसी एक व्यक्ति विशेष या किसी एक देश के लिए नहीं है, अपितु इस पवित्र ग्रंथ के उपदेशों में पूरे विश्व की समस्याओं का समाधान निहित है। इसलिए पूरे विश्व को पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों से शांति का संदेश मिलता है और जो मानव उपदेशों को अपने जीवन में धारण कर लेता है, वह व्यक्ति और देश हमेशा आगे की तरफ बढ़ता है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद सोमवार को श्रीलंका की संसद समिति के हॉल में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने केडीबी और प्रदेश सरकार की तरफ से श्रीलंका के लोकसभा अध्यक्ष को पवित्र ग्रंथ गीता की प्रति सौंपी है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से ही श्रीलंका में 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया गया। इस महोत्सव के सफल आयोजन के बाद श्रीलंका की संसद में पवित्र ग्रंथ गीता को स्थापित करने के लिए श्रीलंका लोकसभा के अध्यक्ष को पवित्र ग्रंथ गीता की प्रति सौंपी गई है। इस ग्रंथ के माध्यम से अब श्रीलंका के प्रत्येक नगरवासी को पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों के बारे में श्रीलंका सरकार की तरफ से जानकारी दी जाएगी और प्रत्येक मनुष्य को गीता के उपदेशों से आत्मसात होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार और केडीबी के सहयोग से मॉरिशिस, लंदन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का सफल आयोजन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री की सोच है कि हरियाणा की पावन धरा कुरुक्षेत्र में दिए गए गीता उपदेशों को विश्व के हर मानव तक पहुंचाया जाए। इस विषय को लेकर ही हर साल अलग-अलग देशों में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

### यह बना आकर्षण का केंद्र

*इस महोत्सव में शोभा यात्रा, पुस्तक मेला, शिल्प मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रही। इन प्रतियोगिताओं में हजारों की संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया और शोभा यात्रा में जो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वे अद्भुत और अविस्मरणीय थे। इस मौके पर केडीबी के सदस्य सचिव विकास गुप्ता, केडीबी की सीईओ डा. वैशाली शर्मा, केडीबी के पूर्व सदस्य विजय नरूला, श्रीलंका के अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद थे।*

### सामाजिक बुराइयों पर चलेगा अभियान : बूरा



**कुरुक्षेत्र।** सर्व बूरा सिरोही खाप भारतवर्ष के अध्यक्ष व किरमच के सरपंच रणबीर सिंह बूरा ने कहा है कि सर्व बूरा सिरोही खाप का 11वां वार्षिक स्थापना दिवस गत दिवस जिला भिवानी के गांव प्रेमनगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रधान रणबीर बूरा ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के दौरान समाज के लोगों में विभिन्न विषयों को लेकर गहनता से चर्चा हुई और युवाओं को नशे के प्रति जागृति, महिला शिक्षा व नारी उत्थान, आज के युग में संयुक्त परिवारों का महत्व, दहेज प्रथा व पाखंड और अंधविश्वास के खिलाफ प्रचार, सामाजिक सौहार्द व भाईचारा बनाए रखने पर विशेष रूप से जोड़ दिया गया।

## न्यूज डायरी



### मृतकों के परिजनों से मिले आप नेता सुशील गुप्ता

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता ने सोमवार को बाबैन क्षेत्र के खिड़की वीरान गांव पहुंचकर बिजली गिरने से मां-बेटे की मौत होने पर परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में आम आदमी पार्टी परिवार के साथ खड़ी और भाजपा सरकार से परिवार का आर्थिक सहायता देने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि 28 साल के युवा रमन सैनी और 52 वर्ष की उसकी माँ सरोज खेत में काम करते हुए बिजली गिरने से अचानक परमात्मा में विलीन हो गए। परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है और हरियाणा सरकार सुध नहीं ले रही है।



### गीता विद्या मंदिर में प्रबंध समिति का गठन

**शाहबाद।** गीता विद्या मंदिर में आज नई प्रबंध समिति का गठन किया गया। जिसमें डा. ऋषि राज वशिष्ठ अध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति ,श्री अश्विनी कुमार गुप्ता प्रांत प्रतिनिधि के द्वारा समिति का गठन किया गया। नवगठित प्रबंध समिति में अध्यक्ष आशुतोष गर्ग, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी , प्रबंधक अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉक्टर हिमांशु, सदस्य हरप्रीत सिंह, सदस्य राम कुमार सैनी, महिला प्रतिनिधि श्रीमती रचित कंसल, प्रांत प्रतिनिधि अश्वनी कुमार गुप्ता, आचार्य प्रतिनिधि रमी सैनी ने डॉ ऋषि राज वशिष्ठ व अश्विनी कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यभार संभाला। पूर्व प्रबंध समिति के संरक्षक अशोक गुप्ता, अध्यक्ष डॉक्टर असिंदर शर्मा, मैनेजर सुधीर सूद, सदस्य डा. नरिंदर भूषण के द्वारा नव गठित समिति के सदस्यों को पुष्पगुच्छ व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### अग्रवाल पंचायत मनाएगी होली मिलन समारोह



**थानेसर।** नगर की प्रमुख समाजसेवी संस्था श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत जो शिक्षा उत्थान, स्वास्थ्य सेवा एवं समाज हित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहती है। पिछले कई दशकों से पंचायत द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, प्राकृतिक आपदा में जन सहयोग एवं जन कल्याण की योजनाएं चलाई जा रही हैं। श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत के प्रधान सत्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि कि समाज में एकता एवं भाईचारा बनाए रखने एवं आपसी मेलजोल बढ़ाने के उद्देश्य से 24 मार्च को अग्रवाल धर्मशाला रेलवे स्टेशन के प्रांगण में होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा।



### मरीजों को वितरित की खिचड़ी

**थानेसर।** स्थानेश्वर महादेव मंदिर के तत्वावधान में ब्रह्मलीन महंत प्रभातपुरी जी के आशीर्वाद से, महंत बंसीपुरी जी की प्रेरणा व महंत लक्ष्मी नारायन पुरी जी के सानिध्य में शहर की अग्रणी समाजसेवी संस्था श्रीस्थाणु सेवा मंडल ने हस्पताल सेवा लोक नायक जय प्रकाश हस्पताल में रोजाना खिचड़ी वितरित की जाती है। खिचड़ी वितरण पर स्थाणु सेवा मण्डल के प्रधान दर्शन पाहवा, संदीप खासा, दिनेश गाबा, सुरेंदर कौशिक, प्रेम मदान, गोपाल शर्मा, श्याम दलीप, शमशेर सिंह, योगेश शर्मा उपस्थित रहे।



### भजनों से शिवमय हुआ वातावरण

**शाहबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व 2024 की श्रृंखला मे प्राचीन श्रीशिव मंदिर से चलकर ध्वज भोलेनाथ के गाणा एवं तिलक रस्म के लिए गुरुकृपा गली में पहुंचा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित महावीर शर्मा ने आयोजकों से पूजा अर्चना करवाई। अजय मोगा द्वारा ओम नमः शिवाय माला का जाप किया गयागणपति वंदना प्रदीप करावा द्वारा की गई। मंच का संचालन मंदिर सभा के प्रधान जगमोहन मनचंदा द्वारा बाखूबी किया गया। गुरु कृपा गली के समस्त निवासी भगवान शिव के सुंदर-सुंदर भजनों पर नाचते नजर आए। सचिन अरोड़ा, रिंकू रामनगर ने भगवान शिव की आरती की। भजनीक ,गुलशन मयूर,गौरव ठुकराल ,रविराज,विवेक माही,निखिल मेहंदीरत्ता,अवशीष शर्मा,वीना सचदेवा, अशोक चढ़ा,सागर कोहली,आशा रेवड़ी ने भगवान शिव के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किया जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया और आई हुई संगत मस्ती में झूम ने को विवस सो गई।



**कुरुक्षेत्र।** मां बगलामुखी धाम के महंत भीम पुरी से आशीर्वाद लेते एवं तीर्थ का अवलोकन करते अरुण ठाकुर व अन्य गणमान्यन। **फोटो : हरिभूमि**

### श्रीराम मन्दिर इंग्लैंड के ट्रस्टी ने किया अवलोकन

**पिहोवा।** प्रवासी भारतीय व इंग्लैंड के साउथ हाल के विख्यात श्रीराम मंदिर के ट्रस्टी अरुण ठाकुर ने पिहोवा के अनेक धार्मिक स्थलों का दौरा किया। उन्होने मां बगलामुखी, अरुणाय धाम के शिव मंदिर, सरस्वती तीर्थ और प्राची तीर्थ के ऐतिहासिक व धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मंदिरों में पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट जल्द ही इंग्लैंड के साउथ हाल में स्थित श्री राम मंदिर का जीर्णोद्धार शुरू करेगा। भारत के कई प्राचीन मंदिरों की तर्ज पर इसे भव्य रुप दिया जायेगा। इंग्लैंड व अन्य देशों के हिंदुओं के अलावा अन्य सभी धर्मों के लोगों को भी पूजा करने व लंगर आदि की पहले से ज्यादा सुविधाये मिलेंगी। इस सन्दर्भ मे वह कुरुक्षेत्र व पिहोवा के कई मंदिरों व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मिल चुके हैं और उनके द्वारा दिये गए सुझावों को अमल मे लाया जाएगा। अरुण ठाकुर ने बताया ट्रस्ट भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार के आलावा भारतीयों की हर सम्भव मदद करता है। भारतीय छात्रों को काम दिलाना, रहने व खाने की व्यवस्था के अलावा उन्हें मेडिकल सेवाएं भी देता है।

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने तैयार किया मैदान

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने कॉलेज में एक दिवसीय शिविर लगाया। प्राचार्या डॉ राजश्री खरे ने कैम्प का शुभारंभ करते हुए सभी स्वयंसेवकों को कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र की सेवा में हमेशा आगे बढ़कर काम करते हैं। कॉलेज में 7 मार्च को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी जिसके लिए स्वयंसेवकों ने कॉलेज के मैदान को तैयार किया। स्वयंसेवकों ने कस्सी से मैदान को समतल किया।

### मतदान के बारे में किया जागरूक

**बराड़ा।** जय पब्लिक स्कूल में युवा और खेल मंत्रालय के कार्यक्रमों के सहयोग से मतदान अधिकारों के बारे में जागरूकता पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यहां छात्रों को नागरिकों के अधिकारों और उनके मतदान मूल्य के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी हुई। प्राचार्य डॉ. नीलम जैन ने सत्र को सफलतापूर्वक संचालित करने पर आभार जताया।

### रुद्र महायज्ञ का हुआ आयोजन

**नारायणगढ़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महा शिवरात्रि पर्व के अवसर पर 40वें श्री रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शंकर सेवा समिति द्वारा प्राचीन शिव मंदिर पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सोमवार को पहले दिन क्लश पूजन किया गया। इसके उपरांत शोभा यात्रा एवं रूद्र क्लश नगर परिक्रमा भी की गई। यह शोभा यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से आरंभ रामलीला मैदान पहुंची।

### एसडीएम को दिया ज्ञापन

**नारायणगढ़।** सोमवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश सहसचिव गुरपाल सिंह के नेतृत्व मे अग्रसेन चौक पर बंद पड़ी यातायात लाइटों को ठीक कराने हेतु एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि अग्रसेन चौक पर कई दिनों से यातायात लाईटें बंद पड़ी हुई हैं जिस कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। इन लाईटों के बंद रहने से आये दिन दोपहिया व चोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं।

### पहले दिन 1516 बच्चों को पिलाई दवा

**नारायणगढ़।** पल्स पोलियो अभियान 5 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। नारायणगढ़ सिविल हस्पताल के द्वारा 3375 (0-5 वर्ष के) बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए टीमें बनाई गई है। एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि इस अभियान के पहले दिन 1516 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमों द्वारा 2883 घरों को चेक किया गया।

### चोरी में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमर पाल उर्फ बब्लू को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 मार्च 2024 की रात्रि आरोपी अमृतपाल ने गांव पंजलासा में स्थित उसके घर से नकद राशि चोरी की है।

# मोदी की झूठी गारंटियों से जनता परेशान, राहुल की न्याय यात्रा से बदल रहा देश

## पूर्व केंद्रीय मंत्री बोली, देश की सत्ता में होगा बदलाव

■ महंगाई व बेरोजगारी से लोग दुखी, किसानों पर टियर बमों से करवा रही है हमला, देश का हर वर्ग जनविरोधी नीतियों से परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पार्टी नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा को पुरजोर समर्थन मिल रहा है उससे साफ जाहिर है कि देश की जनता केंद्र सरकार की झूठी गारंटियों से बेहद परेशान है। राहुल गांधी आम लोगों के साथ जुड़ाव दिखाकर उनके मुद्दों को उठा रहे हैं। सैलजा सोमवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि युवाओं की बेरोजगारी का बड़ा मुद्दा है।

महंगाई से देश की त्रस्त है। किसान सड़कों पर बैठे हैं। गरीब व दलित शोषित वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने दावे से कहा कि ऐसे में जनता केंद्र सरकार को आइना दिखाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 75 पार का नारा दिया था। पर जनता ने उन्हें 40 पर लाकर सत्ता से बाहर कर दिया था। किसानों के मुद्दे पर कहा कि एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने का वायदा तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के बॉर्डर पर बैठे किसानों को उठाने के समय प्रधानमंत्री ने किया था। पर इस दिशा में कुछ भी नहीं हुआ। सरकार अपने वादे को याद करते हुए एमएसपी की गारंटी देने के बजाए किसानों के साथ मीटिंग-मीटिंग खेल रही है। हरियाणा पंजाब का बोर्डर ऐसे प्रतीत होता है जैसे दो दुश्मन देशों का बोर्डर हो। किसान देश की राजधानी दिल्ली पहुंचना चाहते हैं लेकिन अपने आकाओं के इशारे पर कीलें गाड़कर, रास्ते रोक कर, सड़कों पर कंक्रीट की दीवार खड़ी करके भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार उनकी राह में अड़चनें खड़ी कर रही है। सैलजा ने इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की दिनदहाड़े गोली से भूनकर की गई हत्या को लेकर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह हत्याकांड बताता है कि प्रदेश में कानून की स्थिति क्या है? उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजकता इतनी बढ़ चुकी है कि अपराधी खुले आम वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं और पुलिस बाद में लकीर पीटती रहती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार किसानों को आय दुगनी करने की बात करती थी। वही सरकार किसानों को परेशान करने में लगी है। बर्बाद फसलों का मुआवजा तक नहीं मिल रहा है। हिन्दुस्तान की जनता अब मोदी के छल-प्रपंच को भली भांति समझ चुकी है और वो अब बहकावे में नहीं आने वाली, आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी।

### पार्टी नेताओं के निधन पर शोक

कुमारी सैलजा ने पार्टी के कई नेताओं के निधन पर भी शोक जताया। सैलजा ने सबसे पहले कलरहेड़ी गांव पहुंची। यहां पार्टी कार्यकर्ता ज्ञान सिंह के निधन पर शोक जताया। इसके बाद सैलजा ने जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रधान हरीश सासन के निधन पर शोक जताते हुए उनके परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद सैलजा एडवोकेट मनप्रीत सिंह बॉबी के घर पहुंची। बॉबी का पिछले दिनों ही बीमारी के कारण निधन हो गया गया। इस दौरान उन्होंने बॉबी के परिवार को हौसला दिया। इसके बाद सैलजा ने भानोखेड़ी के पूर्व सरपंच जसमेर सिंह के निधन पर शोक जताया। बाद में वे जनसूई पहुंची। यहां पार्टी कार्यकर्ता सोहन सिंह निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पीड़ति परिवार को हौसला दिया। कुमारी सैलजा ने सौंटा गांव में अवतार सिंह के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।


अंबाला। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारी सैलजा।

## कई जगह डाली जाएगी पीने के पानी की पाइपलाइन

# 1.68 करोड़ से बदलेगी तीन वार्डों की तस्वीर सड़कों के साथ नालों का भी होगा निर्माण

### विधायक बोले सीएम मनोहर लाल के राज में बह रही है विकास की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला




अंबाला। निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक व मौजूद लोग।

अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने सोमवार को वार्ड नंबर -5, 11 व 12 में 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। सभी वार्डों में लोगों ने विधायक को फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।

विधायक असीम गोयल ने कहा कि इन विकास कार्यों के होने से वार्डों की सुंदरता बढेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी इन वार्डों में विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। विधायक ने विकास कार्यों के शिलान्यास के तहत वार्ड नंबर-11 में रणजीत नगर मैन रोड से नया गांव तक 38.71 लाख रूपए की लागत से बनाई जाने वाली सडक़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी वार्ड में मोती नगर में 4.69 लाख रूपए की लागत से सडक़ व नाली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वार्ड नंबर-12 में 1 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का भी विधायक ने शिलान्यास किया ।

इनमें रणजीत नगर पेट्रोल पंप के पीछे सडक़ व पार्क के जीर्णोधार का, सरस्वती नगर में सडक़ों के निर्माण कार्य का, मानव चौक के नजदीक नाले के बाहर दीवार बनाने का कार्य, वार्ड नंबर 12 में ही पानी के निकासी से निर्माण कार्य तथा वार्ड नंबर 5 के तहत कबीर नगर में 32 लाख रूपए के विकास कार्यों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसमें सडक़ें, बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन डालने का काम भी शामिल है। विधायक ने इस मौके पर कहा कि आपने अपनी वोट की ताकत से मनोहर व केंद्र में मोदी सरकार बनाई। आपके वोट की ताकत से नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान के अलावा स्वास्थ्य और पढाई की गारंटी देते हुए 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन और लोगों के रहन सहन को उपर उठाने के लिए लखपति दीदी मुद्रा योजना और विश्वकर्मा योजना के तहत लोन व रोजगार देने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाकर दिए जा रहें हैं। स्वास्थ्य के नाते नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड/चिरायु कार्ड के माध्यम से लोगों को 5 लाख रूपए के मुफ्त ईलाज की गारंटी दी है। पारदर्शी तरीके से व बिना पर्ची-खर्ची के योग्य उम्मीदवारों को नौकरी देने के का काम किया गया है। अंबाला में आईएमटी लगने से अंबाला महानगर बनेगा। युवाओं के लिए रोजगार के नए-नए अवसर उपलब्ध होगें।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता एलसी चौहान, निगम सदस्य हितेष जैन, मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा, मंडल अध्यक्ष राम चन्द्र सैनी, गुरप्रीत शाना, बलविंद्र शर्मा, संजीव गोयल टोनी, अनिल गुप्ता, दर्शन सौंडा, अर्जुन, रविन्द्र गुप्ता, आरके भारती, रमन सैनी, हेमंत राठौर, सतविंद्र सिंह, सतीश कालड़ा, मनीष कुमार के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


अंबाला। बरसात से खराब हुई फसलों का मुआयना करते पूर्व विधायक मलौर।

## विशेष गिरदावरी करवा कर फसलों के नुकसान की भरपाई करे सरकार

■ भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान पहले ही कर्ज के बोझ में दबा हुआ है

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट जसबीर मलौर ने कहा कि तेज हवा ,बारिश और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के अधिकतर इलाकों में फसलो का भारी नुकसान हुआ है। सरकार विशेष गिरदावरी करवा कर तुरंत किसानों के नुकसान की भरपाई करे।

मलौर ने सोमवार को अंबाला शहर के विभिन्न गांवों में फसलों के नुकसान का जायजा लेते हुए किसानों से बातचीत की। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान पहले ही कर्ज के बोझ में दबा हुआ है। इस प्राकृतिक मार से किसान को भारी नुकसान पहुंचा है। सरकार किसानों को तुरंत राहत देने के लिये विशेष गिरदावरी करवायए। उन्होंने कहा कि देश का किसान पिछले दो वर्षों से सड़क पर बैठा है लेकिन प्रधानमंत्री के पास किसानों की बात सुनने का वक़्त नहीं है। आंदोलन के दौरान देश के 750 से अधिक किसान शहादत दे चुके हैं लेकिन तानाशाह सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर शहीद किसानों के परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। मलौर ने शहर के एक दिन की बरसात से जलमग्न होने को लेकर भी सरकार को घेरा । उन्होंने कहा कि जगह जगह शहर में पानी भरा हुआ है । सेक्टर 9 अंडरब्रिज बरसात के दो दिन बाद भी पानी से भरा पड़ा है । आने जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है । नगर निगम मेयर और विधायक एक दूसरे पर आरोप लगा कर जिम्मेवारी से भागते हैं। दोनों हाथों से जनता के खून पसीने की कमाई लूटने का काम कर रहे हैं ।

# रंजिशन युवकों ने किया हंगामा, गेट पर ईंटें बरसाने के बाद फायरिंग की, सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई घटना

■ पुलिस ने पहचान के बाद कई युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आरोपी व मौके से मिला कारतूस का खोल।

अंबाला शहर में रविवार देर रात रंजिशन कई युवकों ने जमकर हंगामा किया। एक युवक के घर के गेट पर ईंटों से हमला किया। फिर बंदूक से फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान किसी को जानी नुकसान नहीं हुआ। वारदात सेक्टर-9 थाना एरिया के के परशुराम कॉलोनी की है। वारदात यहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। अब पुलिस ने कमल विहार के राहुल वालिया समेत कई युवाओं के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। राहुल वालिया के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं के तहत पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

परशुराम कॉलोनी के प्रदीप कुमार ने बताया कि राहुल वालिया, साहिल राठौर व विशाल ग्रेवाल और इनके साथी सोशल मीडिया पर लाइव आकर गाली-गलौज करते थे। उसके नाम से फर्जी आईडी बना लोगों को गालियां-धमकी देते थे। उसने इसकी शिकायत साइबर पुलिस थाने में दी हुई है। उसने बताया कि वह कपड़ा मार्केट में काम करता है। आरोपियों ने जनवरी 2024 में भी लाइव आकर धमकी दी थी। प्रदीप के आरोप हैं कि बदमाश रात करीब 10 बजे उसे मारने के इरादे से आए थे। बदमाशों ने पहले उसके मकान के गेट पर ईंटों से हमला किया। वह बाहर नहीं निकला बल्कि छत पर चढ़कर देखने लगा तो आरोपियों ने उस पर फायर कर दिया। उसने बताया कि 2 मार्च को उसके 4 साल के बेटे सोहन का जन्मदिन था। उसकी बहन और भाभी अपने बच्चों को साथ लेकर उसके घर आई हुई थी। वह रात को घर पर ही रुके हुए हैं। बदमाशों ने जिस तरह से घर पर फायरिंग व हमला किया है, उससे परिजन सहमे हुए हैं। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

# मेयर शक्ति रानी शर्मा ने स्कूली छात्रों को बांटे जूते

■ पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्मदिन से चल रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। स्कूली छात्रों को जूते वितरित करती मेयर शक्ति रानी शर्मा व अन्य।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मेयर शक्तिरानी शर्मा ने अंबाला शहर के विभिन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को जूते वितरित किए। इस अभियान के तहत अंबाला शहर नाहन हाउस वार्ड नंबर 7 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कैथ माजरी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गुड़मंडी राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 8, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कलाल माजरी वार्ड नंबर दस में जरूरतमंद बच्चों को जूते वितरित किए गए। इस दौरान शक्तिरानी शर्मा ने नाहन हाउस राजकीय प्राथमिक विद्यालय से अभियान की शुरूआत की और यहां पर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को जूते दिए। मेयर ने इस दौरान बच्चों को अपने हाथों से सामान वितरित किया। इस दौरान जैन कॉलेज रोड पर बने सरकारी स्कूल में बच्चों ने वेलकम लिखकर अपने तरीके से शक्तिरानी शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का जन्म दिन था।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निगम सदस्य सरदूल सिंह, बृजलाल सिंगला, वीके शर्मा, सब्नी मौखा, पंकज भारद्वाज, प्रिंस शर्मा, राजन पाहवा, मदन लाल, विनय बक्शी, राजू कुमार कौलां, रविंद्र सौंडा, हर्षित बक्शी, अंकित कुमार, कमलदीप, केशव, विनीत भाई, मंजू, नेहा सहोता, वरदान शर्मा, दिनेश गौड सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# वाहन चालक आरोपी संजय को किया काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी संजय को गिरफ्तार किया है। होशियारपुर के चरणजीत सिंह ने 27 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव हेमामाजरा के पास आरोपी कैंटर चालक ने लापरवाही व तेज गति से उसकी गाड़ी में टक्कर मारी थी। हादसे में उसकी रिश्तेदार महिला की मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## रोजगार के लिए आईएमटी की स्थापना बेहद जरुरी

# हर घर में रोजगार दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता: शर्मा

■ पूर्व मंत्री विनोद शर्मा का आरोप युवाओं को नौकरियों में नहीं मिल रहा हक, कई स्कूलों के बच्चों को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला


अंबाला। स्कूली छात्रों को साइकिलें बांटते पूर्व मंत्री विनोद शर्मा।

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि अंबाला में हर घर रोजगार दिलाना उनकी प्राथमिकता है। यह तभी संभव हो पाएगा, जब यहां आईएमटी स्थापित होगी। यह सपना भी सच हो जाएगा। शर्मा ने कहा कि यदि आप लोगों का साथ मिला तो आईएमटी लगवाकर रहेंगे। युवाओं को रोजगार मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में आईएमटी स्थापित करवा दी थी लेकिन कुछ कांग्रेसी नेताओं ने इसका का विरोध किया। इसके कारण युवाओं से रोजगार का अधिकार छीन लिया गया। शर्मा सोमवार को साइकिल वितरण समारोह के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि रोहतक में आईएमटी स्थापित हो चुकी है। इस समय वहां पर करीब 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। यहां भी अभी तक 20 हजार युवाओं को रोजगार मिल चुका होता। शर्मा ने सोमवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव नग्गल, सेगती, बिशनगढ़, महमूदपुर, सेगता, नडियाली, खैरा, खन्नामाजरा, जगौली, मटेहड़ी शेखां व धुरखड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 11वीं व 12वीं के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को साइकिलें बांटी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कई किलोमीटर दूर पैदल जाना पड़ता है जिसके कारण उसके समय की बर्बादी होती है। इसके चलते यह साइकिलें वितरित करने का फैसला लिया गया है ताकि उनका समय बचे और वह पढ़ाई पर ध्यान लगा सकें। विनोद शर्मा ने कहा कि जो स्टूडेंट्स इस समय 12वीं में हैं उन्हें आने वाले दिनों में रोजगार की जरूरत है और जब रोजगार नहीं मिलेगा तो निश्चिततौर पर सालों पढ़ाई करने का लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाना हैं तो आईएमटी लगवाना होगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मदन मोहन घेल, कुलदीप सिंह डंगडेहरी, सुखजंट छोटा चेयरमैन, जसमीत सिंह टोनी, सुखचैन सिंह सुखी, नवजोत शर्मा, जगविंद्र सिंह नंबरदार, रविंद्र सौंडा, अमरेंद्र राणा, प्रीत सिंह नग्गल, पूर्व सरपंच नीतू, जगतार सिंह, पूर्व सरपंच जसविंद्र सिंह, गुरपाल सिंह, हरजंट सिंह, राजीव, जोगिंद्र सिंह पूर्व सरपंच, गुरविंद्र, बिंद्र खैरा, गुरमैल खैरा, अमरजीत खैरा, चरणजीत सिंह, गुरचरण लाल पूर्व सरपंच, डॉ. ईश्वर चंद, बहादुर सिंह पूर्व सरपंच, सत्यनारायण पांडिया, संदीप कुमार, अशोक तंवर, प्रीत नग्गल, कमल कुमार, हरीश कुमार, मनजीत कुमार, अनिल दत्त, साहिल दत्त, महावीर सिंह, सतनाम सिंह, भारतभूषण, कर्मचंद नंबरदार, राजेंद्र गुलयानी, रणजीत सूद, गुरजंट सिंह रविदास सभा प्रधान, चेतन सिंह, रमेश कुमार, सिमरणजीत सिंह, अमनकुमार एडवोकेट सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।